# हेलमेट नहीं पहनने वालों पर चालानी कार्रवाई

## 01 लाख 92 हजार से अधिक का समन शुल्क वसूला





नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 06 नवंबर. यातायात पुलिस ने राजधानी में गुरुवार को पिलियन राइडर पर कार्रवाई की. बाइक पर सफर कर रहे लोगों के हेलमेट नहीं पहनने पर चालान काटे गए. इस दौरान कुल 701 चालान काटे गए.**

चालानी कार्रवाई से 1 लाख 92 हजार से अधिक का समन शुल्क वसूला गया. इनमें 156 चालान पीछे बैठी सवारी के हेलमेट नहीं पहनने वाले पीलियन राइडर के है. शहर में ट्रैफिक पुलिस ने 18 प्वाइंट्स पर चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान बाइक चलाने वाले और पीछे बैठने वाले शख्स को हेलमेट पहनकर चलने पर छोड़ा गया. चेकिंग के दौरान पुलिस के सामने कई ऐसे लोग भी आए, जो नियमों का पालन नहीं कर रहे थे. ट्रैफिक पुलिस ने सभी का चालान भी काटा. इस दौरान कई लोग चालानी कार्रवाई से बचने के लिए मन्नतें करते हुए भी नजर आए. दो-पहिया वाहन चालक और पीलियन राइडर से हेलमेट का उपयोग करने की लगातार अपील की जा रही है. आगे भी हेलमेट नहीं पहनने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस चलानी कार्रवाई करेगी.

# चालान से पहले जवाबदेही जरूरी : कांग्रेस



**भोपाल. मध्यप्रदेश में खराब सड़कों, अव्यवस्थित ट्रैफ़िक और बढ़ते सड़क हादसों की गंभीर स्थिति के बावजूद भाजपा सरकार जनता की सुरक्षा से अधिक चालान वसूली पर ध्यान देती दिखाई दे रही है।**

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में अब दोपहिया वाहन पर पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट अनिवार्य कर दिया गया है। चार साल से अधिक उम्र के बच्चों के बिना हेलमेट पाए जाने पर भी 300 का चालान किया जाएगा। यह नियम मोटर व्हीकल एक्ट में पहले से मौजूद था, परंतु सरकार ने सड़कों के सुधार और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में कभी इस तरह की तत्परता नहीं दिखाई। सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठ रहे हैं। भोपाल स्मार्ट सिटी पर 7,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बाद भी शहर की सड़कें गड्ढों से भरी हैं। प्रदेश में 300 से अधिक ब्लैक स्पॉट हैं, जिन पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बारिश के दिनों में सड़कें तालाब और खाई का रूप ले लेती हैं, जिसके कारण हर साल हजारों लोगों की जान जाती है।

भोपाल में आज चले चालानी अभियान के दौरान कई दर्दनाक स्थितियाँ सामने आईं, जहाँ ह्रष्ट में भर्ती अपनी बच्ची को देखने जा रहे एक पिता से भी जुर्माना वसूला गया। कांग्रेस के प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे ने सवाल किया कि क्या चालान से सड़कें अपने आप ठीक हो जाएंगी ? क्या इससे हादसे रुक जाएंगे ? उन्होंने सड़क और यातायात प्रणाली में व्यापक सुधार की तत्काल योजना जारी करने और चालान अभियान में मानवीय संवेदनशीलता सुनिश्चित करने की मांग की।

## छात्रों के रिजल्ट सुधार को लेकर प्राचार्यों को प्रशिक्षण

**भोपाल.** इस साल जिले में लगभग 65 सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को विद्यार्थियों के अंक सुधार के लिए निर्देश दिए गए हैं. जानकारी के अनुसार तिमाही परीक्षा में विद्यार्थियों का 30 प्रतिशत कम रिजल्ट आने पर अब स्कूलों के प्राचार्यों को भोपाल मुख्यालय बुलाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा.

प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों के माध्यम से छात्रों की दक्षता और अंक प्रतिशत बढ़ाने के तरीके बताए जा रहे हैं. इस प्रयास के द्वारा अर्द्धधवार्षिक परीक्षा में छात्रों के अंकों को 50 फीसद से अधिक लाने का लक्ष्य रखा गया है.

# सीएम देंगे नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश

## 877 नव-चयनित शासकीय सेवकों को होगा वितरित



**भोपाल, 06 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में वन एवं लोक स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा विभाग के कुल 877 अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश प्रदान करेंगे।**

इसमें वन विभाग के 543 नव-नियुक्त शासकीय सेवक और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के 334 नव-नियुक्त शासकीय सेवक (विशेषज्ञों एवं नर्सिंग ऑफिसर) शामिल हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा वर्ष 2024-25 से चयनित 75 निश्चेतना विशेषज्ञ, 62 सर्जरी विशेषज्ञ, 106 शिशु रोग विशेषज्ञ एवं 91 नर्सिंग ऑफिसर को नियुक्ति आदेश दिए जाएंगे। वन विभाग में मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित वनरक्षक भर्ती परीक्षा वर्ष 2022-23 में चयनित 467 नव-नियुक्त वनरक्षक, जिन्होंने वन प्रशिक्षण विद्यालयों में वानिकी प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है, को पदस्थापना आदेश दिए जाएंगे। साथ ही मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वन क्षेत्रपाल भर्ती परीक्षा वर्ष 2020-21 से चयनित 76 वन क्षेत्रपाल को भी पदस्थापना आदेश प्रदान किए जाएंगे। इन्होंने देश की विभिन्न प्रशिक्षण अकादमियों में 18 माह का प्रशिक्षण पूरा किया है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल आदि उपस्थिति रहेंगे।

# बीएलए 2 को बूथ स्तर पर गंभीरता करना होगा कार्य

**एसआईआर अभियान के तहत मंडल कार्यशालाएं हुई**

**दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में कार्यशाला आयोजित**




**भोपाल, 06 नवंबर. मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) को लेकर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित की गई।**

कार्यशाला को एसआईआर अभियान के प्रदेश संयोजक व विधायक भगवानदास सबनानी ने संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर अभियान में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अति गंभीरता के साथ लगना होगा। इस अभियान में लगने वाले प्रत्येक बीएलए को बहुत ही तत्परता सक्रियता के साथ इस कार्य को संपन्न करने के लिए अपना सहयोग देना है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया संचालित की जा रही है, ताकि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जा सके। लोकतंत्र को अधिक मजबूत और सशस्त्र बनाना हम सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। हमें तत्परता सक्रियता और समन्वय के साथ निर्वाचन आयोग का सहयोग करना है।

> भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता वर्ष भर अपने क्षेत्र के नागरिकों के साथ जुड़ा रहता है उनके सुख-दुख में उनके साथ रहता है। इसीलिए हम सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य हो जाता है कि प्रत्येक नागरिक को इस अभियान की जानकारी देकर उसका पूर्ण सहयोग कर मतदाता सूची में उसका नाम सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कार्यशाला में एसआईआर की बारीकियों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। कार्यशाला में लोकेंद्र पाराशर, टैगोर मंडल के बूथ अध्यक्ष, बूथ मंत्री, बीएलए को प्रशिक्षण दिया गया।

# किराना व्यापारी के मकान में हुई चोरी

## आभूषण और नकदी ले उड़े चोर



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 06 नवंबर. करोंद क्षेत्र में एक किराना व्यापारी के सूने मकान में चोरी की घटना हुई.**

पीड़ित परिवार जब शहर से बाहर गया था, इस दौरान अज्ञात चोरों ने मकान पर धावा बोल दिया. मकान में चोरी हुई ज्वैलरी और नकदी की रसीद नहीं होने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस को केवल शिकायती आवेदन ही दिया. विश्वकर्मा नगर फेस 2 के रहने वाले पीड़ित अरविंद राठौर ने बताया कि वह किराने की दुकान चलाते हैं. 2 नवबंर को उनके ससुर का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से पूरा परिवार विदिशा गया था. 3 नवंबर को जब परिवार मकान के अंदर पहुंचा, तो चोरी अंदेशा हुआ. घर में रखे सामान नदारद मिला, जिसके बाद पुलिस में शिकायत की गई.

> अज्ञात चोरों ने घर में रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने के जेवरात और नकदी ले उड़े. राठौर ने बताया कि बुधवार को थाना निशातपुरा में एफआईआर दर्ज करने के लिए वह गए थे. थाने में चोरी की घटना की जानकारी लेने के बाद उनसे चोरी गए जेवरात की रसीदें मांगी गई. रसीदों के अभाव में एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकी. राठौर से थाने में केवल शिकायती आवेदन लिया गया. राठौर ने बताया कि पहले भी कई बार विश्वकर्मा नगर सामाजिक कल्याण और शिक्षा समिति ने थाना निशातपुरा में असामाजिक तत्वों के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई थी.

# भारत गौरव पर्यटक ट्रेन कराएगी तीर्थ यात्रा

## तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरई एवं मल्लिकार्जुन के दर्शनीय स्थलों का कराया जाएगा भ्रमण




**भोपाल, 06 नवंबर. भोपाल. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा मध्यप्रदेश और नागपुर के तीर्थ यात्रियों के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।**

जो दिनांक 17.01.2026 को रीवा शहर से 02 ज्योतिर्लिंग के साथ दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, बैतूल, नागपुर एवं सेवाग्राम स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकंगे। 10 रातें/11 दिनों की इस यात्रा में तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरई, कन्याकुमारी एवं मल्लिकार्जुन के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज रु. 20,400/- प्रति व्यक्ति (SL- इकॉनामी श्रेणी), रु. 33,700/- प्रति व्यक्ति (3 AC - स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 44,500/- प्रति व्यक्ति (2 AC - कम्फर्ट श्रेणी) का खर्च उठाना होगा। गौरव झा, समूह महाप्रबंधक आईआरसीटीसी, पश्चिमी क्षेत्र, मुंबई ने जानकारी देते हुए कहा कि यह सर्व समावेशी टूर पैकेज है.

> इच्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आई.आर.सी.टी.सी. के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में निम्नलिखित फ़ोन नम्बरों पर संपर्क कर सकते है.

## मैराथन के मार्ग में किया बदलाव

**भोपाल.** नगरीय यातायात पुलिस शुक्रवार को मैराथन का आयोजन कर रही है. प्रात: 8.30 से 9 बजे तक राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के तत्वावधान मे मैराथन होगा, इस दौरान यातायात मार्ग और पार्किंग व्यवस्था में बदलाव किया गया है. मैराथन मार्ग: शौर्य स्मारक से प्रारंभ होकर व्यापम चौराहा, बोर्ड आफिस, डीबी माल, एपीनगर थाना चौराहा, कोर्ट चौराहा,वल्लभ भवन, सतपुडा भवन, शौर्य स्मारक गेट पर समापन होगा. मैराथन में दौरान मैराथन मार्ग पर यातायात दबाव रहेगा.

# गैस सिलेंडर डिलीवरी रही ठप

**एलपीजी वितरकों की हड़ताल से आमजन परेशान**

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 06 नवंबर. भोपाल सहित पूरे प्रदेश में गुरुवार को एलपीजी गैस वितरकों की एक दिन की हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला.**

शहर में दिनभर गैस सिलेंडर की डिलीवरी पूरी तरह ठप रही, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा. कई उपभोक्ता एजेंसियों तक सिलेंडर लेने पहुंचे, लेकिन आज हड़ताल के कारण डिलीवरी बंद है लिखे बोर्ड देखकर लौटना पड़ा. हड़ताल के दौरान न तो कंपनियों से सिलेंडर खरीदे गए और न ही उपभोक्ताओं को डिलीवरी की गई. वितरकों ने सरकार से मांग की है कि सेवा शुल्क को 35 से बढ़ाकर 110 किया जाए. उनका कहना है कि पेट्रोल-डीजल के दाम, ट्रांसपोर्ट और परिचालन खर्च बढ़ने के बावजूद कई सालों से सेवा शुल्क नहीं बढ़ाया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है. देशभर के करीब 26 हजार वितरक इस आंदोलन में शामिल हुए. इससे पहले पेट्रोलियम मंत्रालय को 19 अप्रैल को भेजा था प्रस्ताव लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं होने से वितरक अब सड़क पर उतर आए है. हालांकि हड़ताल एक दिन की थी, लेकिन गैस सप्लाई की रफ्तार पर इसका असर अगले एक-दो दिन तक बना रह सकता है.

# जेपी में इंटरनेट नहीं चलने से काम अवरुद्ध

## अस्पताल का स्टाफ और मरीज हुए परेशान

- **अस्पताल में दो घंटे तक रुका रहा काम**
- **डॉक्टरों को दिखाने में भी आई परेशानी**



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 6 नवम्बर. जेपी में चिकित्सीय सुविधा के बाद अब इंटरनेट की भी दिक्कत देखने को मिल रही है.**

गुरुवार सुबह 9 बजे से दोपहर 11 बजे तक इंटरनेट नहीं चलने से घंटों तक मरीज परेशान होते रहे. इंटरनेट न चलने से मरीजों के जांच के पर्चे नहीं बने और न ही जांच का काम हो सका.

बता दें सुबह के समय अस्पताल में मरीजों की संख्या भी अधिक थी. इस समय पर्चा न बनने के कारण मरीज बीमारी की हालत में करीब दो घंटे तक लाइन में लगे रहे. जानकारी के अनुसार दो घंटे बाद जब इंटरनेट सुविधा चालू हुई तो परचा बनवाने वालों की संख्या भी बहुत अधिक हो चुकी थी, जिसके बाद मरीजों को डॉक्टर को दिखाने के लिए भी अधिक देरी तक इन्तजार करते रहे. कई मरीज तो सुबह घंटों तक इंतजार करने के बाद वापस ही चले गए.

## बिलाल ने दिनेश बनकर की पीड़िता से दोस्ती

**भोपाल.** कोहेफिजा इलाके में लव जिहाद का मामला सामने आया है. पीडिता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. प्रकरण दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है. मिली जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोप लगाया है कि आरोपी बिलाल नाम के मुस्लिम युवक ने अपना नाम बदल कर उससे पहले दोस्ती की. आरोपी ने बाद में पीडिता के साथ जबरन संबंध बनाए. आरोपी की सही पहचान उजागर होने पर पीडिता ने जब उससे दूरी बनाई, तो आरोपी लगातार उसे ब्लैकमेल करने लगा. आरोपी की हरकत से परेशना होकर पीडिता ने पुलिस की मदद ली.

# अव हमीदिया कॉलेज नहीं बनेगा परीक्षा का सेंटर

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 6 नवम्बर. शासकीय हमीदिया कॉलेज में इस बार केवल हमीदिया कॉलेज के छात्रों की परीक्षा होगी.**

अन्य कॉलेजों के छात्रों का सेंटर हर बार की तरह यहां नहीं बनाया जाएगा. बीयू ने यूजी के सभी सेमेस्टर के छात्रों की सप्लीमेंट्री परीक्षाओं का सेंटर तय कर दिया है. ऐसे में अब छात्रों को अपने नए सेंटर का पता लगाना होगा. बता दें कॉलेज प्रबंधन लंबे समय से अन्य कालेजों के छात्रों का सेंटर बनने पर आपत्ति दर्ज कर रहा था. हमीदिया कॉलेज को प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस बनने के बाद यह निर्णय लिया है. इसके बाद भोपाल में अब कुल 8 सेंटर पर परीक्षा संपन्न होगी. हालांकि अभी समय सारिणी जारी नहीं हुई है, लेकिन अनुमानित तौर पर 17 नवंबर से परीक्षा शुरू होगी. हर साल की तरह परीक्षा लगभग सात दिन में पूरी होगी और परीक्षाओं में एक से दो दिन का अंतर हो सकता है. टाइम टेबल अगले मंगलवार को जारी कर किए जा सकते हैं, जो छात्र किसी कारण से परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए हैं, वे अभी भी फॉर्म जमा कर सकते हैं. इस बार विश्वविद्यालय ने विशेष छूट भी दी है कि बिना फॉर्म भरे छात्र भी परीक्षा में अतिरिक्त विलंब शुल्क 4 हजार रुपए देकर शामिल हो सकेंगे.

**परेशानी** चालकों की लापरवाही दे रही दुर्घटनाओं को दावत, दिनभर बनी रहती है जाम की स्थिति

# सड़कों पर हो रही अवैध पार्किंग



**भोपाल, 06 नवंबर. राजधानी में सड़कों पर अवैध पार्किंग हो रही है. शहर के अलग-अलग सड़क मार्गों पर यह समस्या इन दिनों आम हो गई है. कार चालकों ने सड़क को ही पार्किंग का अड्डा बना लिया है.**

वाहन चालकों की इस इस तरह की लापरवाही सड़क पर होने वाले हादसों को दावत दे रही है. शहर में अवैध पार्किंग को लेकर यातायात पुलिस और नगर निगम की चालानी कार्रवाई भी जारी है. इसके बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है. शहर के एमपी नगर के जोन 1 और 2 में, पीरगेट, जुमेराती, पीएनटी चौराहा, 1100 सौ क्वाटर्स हनुमान मंदिर के पास, त्रिलंगा औरा माल के आस-पास का एरिया, लालघाटी वीवीआईपी रोड, नेहरू नगर, कोलार तिराहे से जगह-जगह डीमार्ट तक सहित शहर के कई इलाकों में यह समस्या आए दिन देखी जा रही है. इन सड़क मार्गों पर दोपहर बाद से कार चालक अपने वाहनों को मुख्य सड़क पर ही पार्क करते नजर आते हैं. देर रात तक यह सिलसिला बना होता है.

### इनका कहना है...

- राहगीरों का मामले में कहना है कि कार चालक कहीं भी अपने वाहनों को खड़ा करके अपने निजी काम के लिए चले जाते हैं. कई घंटों तक वाहन मुख्य सड़क पर ही खड़े होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना हर रोज करना पड़ रहा है.
- नेहरू नगर निवासी पल्लवी ने बताया कि उन्हें हर रोज एमपी नगर अपनी ऑफिस के लिए जाना होता है. इस दौरान कई स्थानों पर मुख्य मार्ग पर ही कार चालक अपने वाहनों को खड़ा करते हैं, जिससे पैदल चलने वालों, दोपहिया वाहन चालकों को भी चलने में समस्या का सामना हर रोज करना पड़ रहा है.
- कोलार निवासी अरविंद बाथम ने बताया कि हर रोज 10 नंबर मार्केट आते-जाते समय उन्हें इस समस्या से लगातार परेशान होना पड़ता है. औरा माल के आसपास कई कार चालक हर रोज अपने वाहन मेन रोड पर ही खड़े करके चले जाते हैं. इस समस्या के चलते संकरे रास्तों पर ही कार सहित अन्य वाहन चालक बमुश्किल से आवागमन कर पाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होने की आशंका भी बढ़ जाती है.
- बाबडियां कला निवासी सुरेश भूरिया ने बताया कि देर शाम को 11 सौ क्वाटर्स हनुमान मंदिर के सड़क के दोनों ओर वाहन चालक अवैध पार्किंग करते हैं. इसके चलते राहगीर को बहुत ही सावधानी के साथ ही आवागमन करना होता है.

# यश को एमपी यूथ कांग्रेस की कमान



**जबलपुर, 06 नवंबर. एमपी यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव परिणाम गुरूवार को घोषित कर दिए गए हैं.**

जबलपुर के पूर्व क्षेत्र से विधायक और पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया के बेटे यश घनघोरिया ने एमपी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में जीत दर्ज की है. यश को सबसे ज्यादा 3 लाख 13 हजार 730 वोट मिले हैं. जबकि भोपाल के अभिषेक परमार 2 लाख 38 हजार 780 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे हैं. अब जल्द ही लोकसभा और विधानसभा अध्यक्षों के चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे.विगत 18 अप्रैल को एमपी में यूथ कांग्रेस के चुनावों की घोषणा के साथ ही सदस्यता शुरू हुई थी.

ऑनलाइन मोड पर एप के जरिए कराई गई मेंबरशिप में हर नए सदस्य को 50 रुपए सदस्यता शुल्क भी अदा करना था. 20 जून से 19 जुलाई तक चलाए गए सदस्यता अभियान में 15 लाख 37 हजार 527 युवाओं ने सदस्यता फॉर्म भरे थे. इनमें से 63 हजार 153 युवाओं ने सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया. फिर सदस्यता शुल्क के साथ 14 लाख 74 हजार 374 युवाओं ने मेंबरशिप के लिए फॉर्म भरे थे.